हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 28 अप्रैल 2024

04 ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीयों ने ...



07 टीम वर्क के रूप में पूरी ऊर्जा के साथ काम करें ...





## खबर संक्षेप

### बीएड कॉलेजों में 9 मई तक रजिस्ट्रेशन

**सीहोर।** बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीए बीएड, बीएससी बीएड, बीएलएड तथा बीएड (अंशकालीन) कोर्सों में भी प्रवेश प्रक्रिया का पहला चरण 1 मई से शुरू होगा। विद्यार्थी 9 मई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं च्वॉइस फिलिंग कर सकते हैं। दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन 2 से 11 मई तक होगा। त्रुटिपूर्ण एवं पठनीय दस्तावेजों के आवेदकों द्वारा निकट के हेल्प सेंटर में पहुंचकर सत्यापन कराने की प्रक्रिया 2 से 14 मई तक चलेगी। मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 15 मई को होगा। मेरिट एवं च्वॉइस फिलिंग के अनुसार सीट आवंटन 21 मई को किया जाएगा। फीस का ऑनलाइन भुगतान 21 से 25 मई के बीच होगा। प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण 21 मई से होगा।

### 2024 में जोड़े गए चार नए विषय

**सीहोर।** राज्य पात्रता परीक्षा-2024 में चार नए विषय बढ़ाए गए हैं। अब यह परीक्षा 24 विषयों के लिए होगी। इस संबंध में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने मंगलवार को नोटिस जारी किया है। एमपीपीएससी ने द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा 15 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाएगी। एमपीपीएससी द्वारा पूर्व में जारी नोटिफिकेशन के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग ने 20 विषयों के लिए पात्रता परीक्षा कराने का निर्णय लिया था। अब नए विषयों में कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन, रक्षा और रणनीतिक अध्ययन, संगीत और पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागर और ग्रह विज्ञान को शामिल किया गया है। इन चारों विषयों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया 23 अप्रैल से शुरु होगी।

### छात्रवृत्ति के लिए 30 तक कर सकते हैं आवेदन

**सीहोर।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये एमपी टास्क पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए 30 अप्रैल तक के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग ने सभी संबंधित प्रमुखों को पत्र के माध्यम से कहा है कोई भी पात्र विद्यार्थी आवेदन करने से वंचित न रहें।

## नगर परिषद, थाने पर लगा भैरूंदा का बोर्ड पर कई संस्थानों ने नाम बदलने पर नहीं दिया ध्यान

# एक साल के बाद भी नसरुल्लागंज का नाम नहीं बदल सके "भैरूंदा" के जिम्मेदार

### 2 अप्रैल 2023 को बदला गया था नाम, लेकिन अब तक कॉलेज, बैंकों के बोर्डों में नसरूल्लागंज ही लिखा

अर्जुन पंवार ⏭ भैरूंदा

सीहोर जिले के भैरूंदा का नाम बदले हुए एक साल से भी अधिक समय हो गया है। इसका गजट नोटिफिकेशन भी हो चुका है, लेकिन इसके बाद भी भैरूंदा के चाहे कॉलेज हो या यहां के व्यापारी, अब तक नाम नहीं बदल सके हैं। अब भी इनके यहां लगे बोर्ड में नसरूल्लागंज ही लिखा हुआ है। यहां के बैंक भी अभी नसरूल्लागंज के नाम से ही पहचाने जा रहे हैं। दरअसल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं बुधनी विधायक शिवराज सिंह चौहान की पहल पर बाबा भैरवनाथ की नगरी का नाम नसरूल्लागंज से बदलकर भैरूंदा किया गया था। यह सौगात उन्होंने 2 अप्रैल 2023 को भैरूंदा के स्थापना दिवस के मौके पर दी थी।







### सरकारी कॉलेजों में अब भी नहीं बदला बोर्ड

2 अप्रैल 2023 को नसरूल्लागंज का नाम बदलकर भैरूंदा कर दिया गया था। सरकारी रिकार्ड में भी यह दर्ज हो गया है, लेकिन भैरूंदा के पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं शासकीय कॉलेज अब तक यहां पर नाम परिवर्तन नहीं कर सके हैं। इसी तरह जनजातीय कार्य विभाग ने भी अब तक नाम नहीं बदला है। अब भी इनके बोर्ड पर नसरूल्लागंज ही लिखा हुआ है।

**बैंकों के बोर्डों में भी नसरूल्लागंज :** भैरूंदा के सरकारी एवं निजी बैंकों के बोर्डों पर भी अब तक नसरूल्लागंज ही लिखा हुआ है। बैंकों ने भी अपने बोर्डों में अब तक नाम नहीं बदला है। इसी तरह भैरूंदा के ज्यादातर व्यापारियों ने भी अपनी दुकानों पर लगे बोर्ड अब तक नहीं बदले हैं। ज्यादातर दुकानों के ऊपर लगे बोर्डों में अब भी नसरूल्लागंज ही लिखा हुआ है।




### नबाव शासनकाल में बदला था नाम

यूं तो भैरूंदा का प्राचीन नाम भैरूंदा ही था, लेकिन नबाव शासनकाल में इसका नाम बदलकर नसरूल्लागंज कर दिया गया था। इसके बाद लंबे समय तक यही नाम चलता रहा और अब यह नाम बदलकर भैरूंदा किया गया है।

### लंबे समय तक चली नाम बदलने की मांग

नसरूल्लागंज का नाम भैरूंदा करने को लेकर नगरवासी लंबे समय से मांग कर रहे थे। कई बार इसको लेकर ज्ञापन भी सौंपे गए। इसके बाद नगरवासियों की मांग पर अमल करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 2 अप्रैल 2023 को भैरूंदा के स्थापना दिवस के अवसर पर सौगात देते हुए नसरूल्लागंज का नाम बदलकर भैरूंदा कर दिया। इसका गजट नोटिफिकेशन भी हो गया।

### नाम नहीं बदला है तो दिखवाएंगे

शासकीय संस्थाओं के नियम होते हैं और इसके तहत ही नाम परिवर्तन किया जाता है। व्यापारियों एवं अन्य जगह भी नाम नहीं बदला गया है तो इसको लेकर भी दिखवाते हैं।

**मदनसिंह रघुवंशी,** एसडीएम भैरुंदा

### एप्रूवल के बाद नाम बदल जाएगा

नियमों के तहत एआईटीटी से एप्रूवल लेना होता है। इसके लिए एप्लाई किया हुआ है। प्रोसेस में है और जल्द ही इसका एप्रूवल मिल जाएगा। उसके बाद नाम बदल जाएगा।

**मथुरेंद्र सिंह,** प्राचार्य शा.पॉलिटेक्निक कॉलेज भैरुंदा

## अड़ीबाजी कर मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त रॉड, चाकू जब्त

**भैरुंदा।** थाना भैरुंदा में फरियादी धीरज राठौर निवासी राठौर मोहल्ला सुभाष कॉलोनी भैरूंदा द्वारा बताया गया की पुरानी रंजिश को लेकर इसके भाई सौरभ राठौर के साथ अड़ीबाजी कर मारपीट की गई हैं जिससे उसके हाथ और पैर में चोंट आई है, जिसकी रिपोर्ट पर थाना भैरूंदा में अपराध क्रमांक 205/24 धारा 294,323,506,327,452,34 आईपीसी का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

उक्त अपराध की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा फरार आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं एसडीओपी भैरूंदा दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक एस दांगी के नेतृत्व में फरार आरोपी की धरपकड़ हेतु टीम गठित की गई थी जो गठित टीम द्वारा फरार आरोपी विनोद पिता व्यास सोनी निवासी गोपाल पटेल कॉलोनी, विनय पिता व्यास सोनी निवासी गोपाल पटेल कॉलोनी, ओम प्रकाश पिता अमरसिंह निवासी आई टी आई कॉलोनी भेरूंदा को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण में प्रयुक्त हथियार लोहे की रॉड एवं धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपीगण को माननीय न्यायालय पेश किया जहां से आरोपीगण की जेल भेज गया।

उक्त कार्यवाही में प्रआर राजेन्द्र, आर. योगेश, आर. राजीव की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं।

## रेहटी के नजदीक सूखी नदी के पास तेंदुए का मूवमेंट, ग्रामीणों ने वन विभाग को दी सूचना

**रेहटी।** जिले में रेहटी के पास सेमरी की सूखी नदी के सपीम मंदिर के पास तेंदुआ देखा गया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

लगातार मौसम में परिवर्तन और भीषण गर्मी के प्रकोप से इन दोनों वन प्राणी ग्रामीण क्षेत्र की ओर रुख करते देखे जा रहे हैं। कुछ दिन पहले ग्रामीण क्षेत्र किशनपुर में तेंदुआ के घर में घुसने का मामला सामने आया था। वहीं अब रेहटी क्षेत्र में तेंदुए के चहल कदमी करते वीडियो जमकर वायरल हुई, अब नया मामला देर रात सामने आया। जहां सेमरी की सूखी नदी के समीप मंदिर के पास एक तेंदुए को देखा गया। बताया जा रहा है कि रात्रि के समय यह तेंदुआ चहल कदमी करते हुए ग्रामीण क्षेत्र की ओर आ गया। वहीं इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। मामले में रेंजर रितु तिवारी का कहना है कि अभी किसी भी ग्रामीण ने इस संबंध में शिकायत नहीं की है, लेकिन सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है।



### 1 मई से शुरू होंगे यूजी के रजिस्ट्रेशन, पीजी के 2 से

**सीहोर।** कॉलेजों में यूजी कोर्स में ऑनलाइन एडमिशन 1 मई और पीजी में 2 मई से रजिस्ट्रेशन शुरु होंगे। जिन विद्यार्थियों का 12वीं का रिजल्ट आ चुका है उन्हें बीए, बीकॉम, बीएससी सहित बीबीए सहित अन्य 11 यूजी कोर्स में प्रवेश के लिए 20 मई तक रजिस्ट्रेशन करवाना होंगे। छात्रों को अधिकतम 10 कॉलेजों की च्वाइस फिलिंग का मौका मिलेगा। छात्र कियोस्क सेंटर पर पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। दस्तावेज सत्यापन इस साल भी ऑनलाइन ही होगा।

रजिस्ट्रेशन के वक्त सिर्फ ऑनलाइन दस्तावेज जमा करना होंगे। लिस्ट में नाम आते ही एक हजार रुपए जमा कर एडमिशन पक्का करना होगा। जिन आवेदनों में त्रुटि पाई जाएगी, उनमें सुधार के लिए छात्र को मोबाइल पर मैसेज आएगा। इसके बाद उसे किसी भी शासकीय कॉलेज के हेल्प

सेंटर पर पहुंचकर सुधार करवाना होगा। यूजी-पीजी के साथ ही बीएड कॉलेजों में भी प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। यूजी-पीजी (अंडर ग्रेजुएशन पोस्ट ग्रेजुएशन) कोर्स में प्रवेश 25 जुलाई तक चलेंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रवेश संबंधी गाइड लाइन पहले ही जारी कर दी थी।

## बाल चौपाल में बच्चों के साथ पालकों ने भी की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

जनशिक्षा केंद्र रेहटी अंतर्गत प्राथमिक शाला सलकनपुर,रेहटी, मालिबाया सहित सभी प्राथमिक शालाओं में मिशन अंकुर एफएलएन कार्यक्रम के तहत बाल चौपाल का आयोजन किया गया । बाल चौपाल के आयोजन लिए शिक्षकों को जनशिक्षा केंद्र स्तर पर बैठक आयोजित कर बाल चौपाल की गतिविधियों के बारे में जनशिक्षक द्वारा बताया गया । शिक्षकों ने बच्चों के साथ-साथ पालको को भी बाल चौपाल में आमंत्रित किया था। बच्चों को शिक्षण गतिविधि के माध्यम से सिखाने तथा पालकों को घर पर पढ़ने में सहयोग के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शाला स्तर पर बाल चौपाल आयोजित किये गए। जनशिक्षक दीपक वर्मा, महेंद्र चौहान द्वारा बताया गया कि इस तरह के कार्यक्रम स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाते है। बाल चौपाल में बच्चे बहुत उत्साहित थे। बच्चों द्वारा पुस्तकालय से मनपसंद



कहानी खोजकर पढ़ना, शब्दों की अंताक्षरी, मेरा अखबार, बोलो भाई कितने, आकृतियों का खेल, कितने कदम की रेखा गतिविधियों को शिक्षक द्वारा खेल के माध्यम से कराया गया । मैंने स्कूल अवलोकन के दौरान देखा कि बच्चों के साथ-साथ पालकों ने भी गतिविधियों में सहभागिता की और बच्चे सभी गतिविधियों में सक्रीय रूप से भागीदारी कर रहे थे । जनशिक्षा केंद्र अंतर्गत समस्त प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों ने घर-घर जाकर पालकों और समुदाय के लोगो को शाला आने के लिए संपर्क कर बाल चौपाल आयोजित कर गतिविधियाँ कराई गई जिससे बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है । बच्चे पालक एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### खाली कंटेनर में ग्राम कलवाना के पास लगी भीषण आग, लोगों ने चालक को सुरक्षित बाहर निकालकर बचाई जान



**रेहटी।** जिले में भैरूंदा की ओर से जा रहे खाली कंटेनर में ग्राम कलवाना के पास आग लग गई। मौजूद लोगों ने चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। आग लगने के कारण का पता नहीं लगा है। लेकिन आग इतनी भयंकर थी, फिर भी मौजूद लोगों द्वारा ड्राइवर को सुरक्षित निकाला गया। वहीं देखते ही देखते कंटेनर पूरी तरह से जल गया। मौजूद लोगों ने हिम्मत जुटाते हुए, कंटेनर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और थाना रेहटी पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची थाना रेहटी पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया।

### 10 मई को भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के बाद निकाली जाएगी वाहन रैली

# भगवान परशुराम समस्त सनातन जगत के आराध्य : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भृगुकुल तिलक जमदग्नि नंदन रेणुका पुत्र भगवान श्री हरि विष्णु जी के छठे अवतार समस्त शस्त्र एवं शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम जी का वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया के दिन प्राकट्य हुआ। देवों के पूजनीय, सम्पूर्ण तेज से युक्त, योगेश्वर, सभी के पाप, ताप, सन्ताप, रोग का हरण करने वाले सुन्दर शोभनीय स्वरूप वाले शत्रुओं के संहारक परशुराम समस्त सनातन जगत के आराध्य हैं और सभी आस्था के साथ इनकी आराधना करते है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल से भेंट करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे।

इस मौके पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा सहित अन्य ने आगामी दिनों में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की। भेंट करने के दौरान समाजजनों ने पंडित श्री मिश्रा को बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समाजजनों के द्वारा सभी कथाकारों और



समाजजनों को करीब 25 सौ से अधिक आमंत्रण कार्ड का वितरण किया जाएगा।

10 मई सुबह भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की जाएगी, अभिषेक किया जाएगा और उसके पश्चात आरती और वाहन रैली निकाली जाएगी, इसके अलावा महिला मंडल के द्वारा कलश पूजन, थाली सजावट प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं आगामी 12 मई को शाम पांच बजे विशाल चल समारोह निकाला जाएगा। इसके पश्चात रात्रि आठ बजे शहर के बाल विहार ग्राउंड पर भोजन प्रसादी का इंतजाम किया जाएगा। इस मौके पर पुरुषों के द्वारा सफेद कुर्ता-पजामा और महिलाओं के लिए पीली साड़ी रहेगी।

### भगवान शिव की कड़ी तपस्या

सर्व ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि परशुराम ऋ षि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र हैं। इनका जन्म सतयुग और त्रेता युग के संधिकाल में हुआ। इनका नाम पहले राम था। इन्होंने भगवान शिव की कड़ी तपस्या की और उनसे वरदान में एक परसु प्राप्त किया। उसके बाद इनका नाम हो गया परशुराम। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम ने सीता स्वंयवर में जिस शिव धनुष को तोड़ा, उसे परशुराम ने ही राजा जनक को दिया था। वह शिव धनुष के टूटने पर बहुत क्रोधित हुए और महेंद्र पर्वत पर अपनी तपस्या से छोड़कर तुरंत स्वयंवर सभा में आए। लेकिन, जब उन्हें ज्ञात हुआ कि उन्हीं की तरह भगवान राम भी भगवान विष्णु के अवतार हैं, तो उनका क्रोध शांत हो गया। उन्होंने बताया कि त्रेता के बाद द्वापरयुग में भी भगवान परशुराम मौजूद थे। उन्होंने भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महावीरों को शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा दी थी।

जब परशुराम को पता चला था कि कर्ण ने उनसे झूठ बोलकर शिक्षा ली है, तो उन्होंने कर्ण को श्राप भी दिया कि जब उसे उनकी सिखाई विद्या की सबसे अधिक आवश्यकता होगी, तो वह उन्हें भूल जाएगा और उसके रथ का पहिया भूमि में धंस जाएगा। महाभारत में अर्जुन और कर्ण के बीच युद्ध के दौरान भगवान परशुराम का यह श्राप निर्णायक साबित हुआ।

## कंट्रोल रूम और पेड न्यूज मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण



**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस सुरज कुमार ने कलेक्टर कार्यालय में चल रही विभिन्न निर्वाचन संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया और विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल, निर्वाचन व्यय लेखा सेल, जिला कन्ट्रोल रूम, वीवीटी आदि कक्षों का निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यवाही को देखा। इस दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए संचालित किए जा रहे विभिन्न सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक भरे जा सकेंगे

**सीहोर।** मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये थे अब बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है और बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई, 2024 तक भरे जा सकेंगे।

### पेयजल शिकायतों के निराकरण के लिए लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। खंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी फिटर ग्रेड -3 मेहबूब खान (मो. नंबर 8305819150), उपखंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी हैण्डपम्प तकनीशियन गणेश सोनी (मो. नं.- 9425682161), उपखण्ड भैरूंदा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड-03 सचिन ठाकुर (मो. नं. 8959607853), उपखंड आष्टा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड -03 एस. से तिवारी (मो. नं. 9893544755 ), बुधनी के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी स्टोर क्लर्क राजकुमारी सोलंकी (मो. नं. 9489803741) को नियुक्त किया गया है।

### आक्सफोर्ड स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी के साथ विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित

# नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्टोरी एक्ट, एकल व सामूहिक नृत्य की दी शानदार प्रस्तुति

प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन द्वारा ग्रेजुएशन सेरेमनी को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकगणों की सराहना की व कला और शिल्प में जिन शिक्षकों ने योगदान दिया उन सभी को बधाई दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




स्थानीय दी ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल, सीहोर में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया तथा नर्सरी से नवीं एवं ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद आर. गोपाल अय्यर, संस्था अध्यक्ष एड. जोली कुरियन व प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को प्राचार्य द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात किंडर गार्टन के छात्रों द्वारा प्रार्थना गीत के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यूरो किड्स इंचार्ज सोना मैडम के द्वारा ग्रेजुएशन सेरेमनी के बारे में विस्तार से बताया।

एड. जोली कुरियन ने वेलकम स्पीच में मुख्य अतिथि आर. गोपाल अय्यर का परिचय देते हुए बताया कि गोपाल सर बहुत ही अच्छे अध्यापक हैं वे विद्यालय प्रारंभ के दिनों (1995) से जुड़े हुए हैं और शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे है साथ ही धम्मपाल अय्यर भी (1995) से स्कूल में मैथ्स की टीचर हुआ करती थी। उनके द्वारा सीहोर के अनेक छात्र छात्राओं को विकास कार्य विद्यालय के साथ जुड़कर कराया गया हमारे लिए आनंद की बात है कि वह पुनः चेन्नई से वापस आकर विद्यार्थियों में अंग्रेजी की क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार हैतथा अध्यापिका मोनिका साइमन डोरेमोन बनकर बच्चों का मनोरंजन किया और डोरा का डांस करके सब का मन मोह लिया। सभी पालकगण व शिक्षकगण बहुत प्रसन्न हुए। प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन द्वारा ग्रेजुएशन सेरेमनी को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकगणों की सराहना की व कला और शिल्प में जिन शिक्षकों ने योगदान दिया उन सभी को बधाई दी। विशेष रूप से कक्षा अध्यापिका नितीशा शर्मा को ग्रेजुएशन सेरेमनी में बधाई दी। तत्पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा स्टोरी एक्ट, स्कूल चले हम पर एकल नृत्य व सामुहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। साथ ही बच्चो ने अध्यापकगण व स्कूल के लिए अपने विचार व्यक्त किये तथा बिना स्टेज फोबिया के सभी बच्चो ने शानदार प्रस्तुति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में मुख्य अतिथि ने सभी प्रस्तुतियों की सराहना की। साथ ही उन्होंने दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल के अध्यक्ष व प्राचार्या के अथक प्रयास की काफी प्रशंसा करते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। तत्पश्चात प्रत्येक छात्र व छात्राओं की प्रतिभा बताते हुए उपहार स्वरूप टेडी बेयर व पुष्पगुच्छ भेंट किए गए तथा उनको सर्टिफिकेट देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। साथ ही कक्षा के मेधावी छात्रो को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में बूसी रॉबी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आफरीन बानो व अंकिता यादव के द्वारा किया गया। प्रार्थना एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार शामिल रहा।




## जिले में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर आबकारी विभाग द्वारा कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन कार्यवाही की जा रही है। वृत्त सोनकच्छ में अलसुबह आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्यवाही कर चलित भट्टियों को नष्ट किया। कार्यवाही में कुल 185 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 5500 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ। लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। कार्यवाही में कुल 06 प्रकरण दर्ज किए गए। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 05 लाख 87 हजार रूपए है। कार्यवाही में पुलिस उपनिरीक्षक आरके शर्मा, ज्योति पाटीदार, आबकारी उपनिरीक्षक निधि शर्मा, राज कुमारी मंडलोई, प्रेम यादव, डी.पी. सिंह, उमेश स्वर्णकार, दिनेश भार्गव, आबकारी मुख्य आरक्षक राजा राम रैकवार, दीपक धुरिया, आबकारी आरक्षक बाल कृष्ण जैसवाल विकास गौतम, दीपक तटवाड़े राजेश जोशी, नितिन सोनी, अरविंद जिनवाल भगत सिंह परते, निकिता परमार, सनत शामिल थे। कन्नौद एवं खातेगांव में कार्यवाही कर 06 प्रकरण दर्ज कियेआबकारी विभाग दल द्वारा वृत्त कन्नौद एवं खातेगांव में अवैध मदिरा विक्रय की सूचना पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत धारा 34(1) के तहत 06 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। कार्यवाही में कुल 77 लीटर हाथभट्टी मदिरा, 700 किलाग्राम महुआ लाहन, 25 पाव देशी मदिरा, 05 बीयर बोतल, 06 बीयर कैन बरामद किये। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 88 हजार 560 रूपए है। कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक कैलाश जामोद, विजय कुचेरिया, एवं आरक्षक शंकरलाल परते, निहाल खत्री शामिल थे।

## बोरवेल खुला छोड़ने वाले की अब खैर नहीं, होगी सख्त कार्रवाई




**सीहोर।** ग्राम पंचायत खेरी में अगर बोरवेल के गड्ढे खुले पाए जाते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। शासन के नियम अनुसार इन्हें पूरी तरह से बंद करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। इसके तहत गड्ढों को ढक्कन या किसी मजबूत चीज से ढ़ककर रखने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार बोरवेल का गड्ढे खुले पाए जाने कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, खुले बोरवेल का निरीक्षण पटवारी, पंचायत सचिव और चौकीदार कर सकते हैं। बता दें कि खुले बोरवेल और पन्नी से ढककर इसे रखना खतरनाक है, इससे दुर्घटना होने का डर रहता है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह कदम उठाया है, इसलिए जिन भी लोगों ने खुले बोरवेल रखे हुए हैं, वह उन्हें ढक लें।

## हर वोट जरूरी है: स्लोगन स्पर्धा की बढ़ी तारीख, अब 30 अप्रैल तक ले सकेंगे हिस्सा, पहला इनाम 51 हजार

**मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की कवायद 10 प्रतिभागियों को मिलेगा प्रथम पुरस्कार, दूसरे को 21 हजार और तीसरे को 11 हजार रुपए**

**सीहोर।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख पांच दिन बढ़ाकर अब 30 अप्रैल कर दी गई है। पहले यह 25 अप्रैल थी।

लोकसभा चुनाव में लोग अधिक से अधिक मतदान कर सकें, इसके लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। लोगों के बीच प्रचार प्रसार

किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।



उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि पोर्टल पर भेजना होगी। साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। स्कूलों और कॉलेजों में भी कई तरह की प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। प्रशासन कई तरह के जागरुकता कार्यक्रम कर रहा है।

इसी कड़ी में मानव श्रृंखला बनाई गई थी। इसमें 4 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं और शासकीय कर्मचारियों ने हिस्सा लिया था। इसी तरह अन्य तरह की प्रतियोगिताएं हो रही हैं। इनमें मतदान को लेकर अच्छे स्लोगन भी लिखवाए गए।

**विजयी प्रतिभागियों को यह मिलेगी पुरस्कार राशि :** प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार एवं प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार में 21 हजार और तीसरे पुरस्कार में 11 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। इसी तरह 10 प्रतिभागियों को 5100-5100 रुपए का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### ये हैं नियम और शर्तें

प्रतिभागी मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो। एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की हो। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में हो। प्रविष्टि में किसी भी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए। प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें। पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टि भेजने के लिए अब 30 अप्रैल 2024 कर दी गई है।

### अब सातों दिन होगा गेहूं का उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी उपार्जन नीति के तहत कृषकों से गेहूं उपार्जन का कार्य सप्ताह में 5 दिवस तक किया जा रहा था, लेकिन अब कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सातों दिन गेहूं का उपार्जन करने के निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर सिंह ने उपायुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला प्रबंधक, मप्र स्टेट सिविल सप्ला. कार्पो., जिला प्रबंधक, मप्र वेहा एण्ड लॉजि कार्यों सीहोर को निर्देश जारी करते हुए कृषकों की सुविधा के लिए गेहूं उपार्जन का कार्य अब सोमवार से रविवार तक करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं किसानों से समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं पर भारत सरकार द्वारा गेहूं के घोषित समर्थन मूल्य 2275 रुपए और बोनस 125 रुपए प्रति क्विंटल सहित कुल राशि 2400 रुपए प्रति क्विंटल के मान से भुगतान किया जा रहा है।

## किसानों की चिंता बढ़ी बोले, इल्लियां लगने से कम होगी पैदावार



**सीहोर।** भैरूंदा तहसील ग्राम पंचायत गोरखपुर में मूंग की फसल में इल्लियों कीटों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। मौसम का मिजाज़ ठीक नहीं रहने से इल्लियां, कीट लग रहे है जो पत्तों को खा रहें है जिसका असर मूंग में लगे फूलों पर होगा जिससे मूंग की पैदावार में अंतर आ सकता है। किसान रहीश खां का कहना है कि बार-बार मौसम बदल रहा है। इस कारण से मूंग की फसल में इल्लियों और कीटों का प्रकोप है। यह जो मूंग के लिए हानिकारक है। फसल में इल्लियां और कीट लगने से फसल पर असर पड़ता है और उसकी ग्रोथ भी कम होती है।

## घर घर जाकर बीएलओ बांट रहे हैं मतदाता पर्ची, मतदान करने की कर रहे अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इछावर

आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले भर में शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीएलओ ( बूथ लेबल अधिकारी ) द्वारा घर - घर जाकर मतदाताओं को मतदाता पर्ची और मार्ग दर्शिका का वितरण कर मतदान करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया जा रहा है।और साथ ही मतदान दिवस को होने वाले मतदान के लिए सभी मतदाताओं को शपथ पत्र भरवाकर जागरूक किया भी किया जा रहा है।मतदाताओं से मतदान की अपील करते हुए कहा जा रहा है कि आप मतदान अवश्य करें मतदान आपका अधिकार है।

इछावर विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ द्वारा गांव-गांव में मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण कर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बताया जाता है कि अभी तक इछावर विधानसभा के 18 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा चुका है। शेष मतदाताओं को भी एक दो दिन में मतदाता पर्ची का वितरण कर दिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विदिशा लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 7 मई को होगा। इसकी तैयारी की जा रही है। मतदान केंद्रों में सभी व्यवस्था के साथ पूरी तैयारी की जा चुकी है। चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर जिला निर्वाचन कार्यालय को रिपोर्ट भी भेज दी गई है। अब घर घर जाकर मतदाता पर्चीयों का बीएलओ द्वारा वितरण किया जा रहा है। इसके तहत इछावर विधानसभा के सभी 276 मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त बीएलओ घर घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण कर रहे हैं।





### मतदान के लिए कर रहे जागरूक

बीएलओ द्वारा गांव गांव में घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। नादान मतदान केंद्र के बीएलओ स्वरूप सिंह गोफनिया ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पर्ची , मार्गदर्शिका , पैम्फलेट आदि का वितरण मतदाताओं को किया जा रहा ह । जिसमे मतदान का महत्व बताया गया है। इस दौरान मतदाताओं को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिए भी जागरूक कर रहे हैं।

### पालकों की लापरवाही से रात में मवेशी सड़क पर मंडराते रहते हैं

# सड़क पर मवेशियों से बढ़ने लगे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

इन दिनों सड़कों पर इस कदर आवारा मवेशी दिखाई दे रहे हैं कि वाहन चलाना भी कठिन हो रहा है। खासकर चार पहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। उन्हें निकलने के लिए तो सड़क पर जगह ही नहीं बचती है। हालत यह है कि इन मवेशियों के कारण हमेशा हादसों का डर बना रहता है।

आवारा मवेशियों के कारण लोग परेशान हैं। खासकर वाहन चालक जो रात में इनसे टकरा जाते हैं। सड़कों पर इस तरह खड़े हो जाते हैं कि लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। हालत यह है कि शहरी क्षेत्र में आवारा मवेशियों का जमावड़ा अभी भी कम नहीं हो रहा है। वहीं रात के समय में मवेशियों के सड़कों पर बैठे रहने से हादसे हो रहे हैं। इसके बाद भी सड़कों पर घूम रहे इन आवारा मवेशियों को गोशालाओं में छुड़वाया नहीं जा रहा है। पिछले दिनों नपा ने इन्हें गोशाला भेजने के लिए प्लान बनाकर कवायद भी शुरू की थी, लेकिन गायों को पकड़ने के लिए मजदूर नहीं मिलने से यह पूरा नहीं हो सका। रात के समय हो रहे अधिक हादसे रात के समय सड़क हादसे जो होते हैं वे इन मवेशियों के कारण ही होते हैं। मवेशियों के नहीं दिखने के कारण वाहन चालक उनसे टकरा जाते हैं। इससे वे घायल हो जाते हैं। इसके पहले भी शहर की सड़कों पर कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।



सड़कों पर घूमते व बैठे मवेशियों के कारण कई लोगों की जान भी जा चुकी है। बीच सड़क पर बैठे आवारा मवेशियों के कारण हमेशा ही हादसों का भय बना रहता है। कई बार पकड़कर दूर छोड़ चुकी है नपा नगर पालिका पूर्व में कई बार इन मवेशियों को पकड़कर वाहन द्वारा दूर जंगल में छोड़कर आई है। लेकिन ये मवेशी फिर से आ जाती हैं। आदेश के बाद भी सीहोर नगर में कई चौराहों पर आवारा मवेशी विचरण करते हुए दिखाई देते हैं। इसका खामियाजा लोगों को अभी भी भुगतना पड़ रहा है। सड़कों पर आवारा सांडों के लड़ने के कारण पूर्व में लीसा टॉकीज क्षेत्र की दुकानों में काफी नुकसान हुआ था।

## ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीयों ने लोगों को वोटिंग के लिए शपथ भी दिलाई




**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित विभागों, शिक्षा विभाग एवं अन्य सभी संस्थाओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिये गये। इसी श्रृंखला ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीओं द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार कि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदीओं द्वारा जनपद आष्टा के ग्राम मरूखेडी एवं जनपद इछावर के ग्राम दिवडिया की दीदीयो द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत रंगोली एवं मतदान कराने के लिए शपथ दिलाई गई एवं जागरूकता रैली निकाली गई। समूह की दीदीयो द्वारा रंगोली एवं जागरूकता रैली निकाली के साथ अन्य कार्यक्रम के तहत आमजनों को लोकसभा चुनाव में स्वयं मतदान करें ओर अपने परिवार आसपास पड़ोसियों को मतदान करने के लिए जागरूक करने एवं अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकसभा निर्वाचन में सर्वाधिक मतदान करा सकें।

पिछले साल की तुलना में इस बार बोर्ड परिणामों में शासकीय स्कूलों में भी आया सुधार

# प्रदेश और जिले की मेरिट में आए बच्चों को कलेक्टर दीक्षित ने किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा-राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को कक्षा दसवीं एवं 12वीं बोर्ड के नतीजे घोषित किए गए हैं। इन नतीजों में कुछ बच्चों ने जहां प्रादेशिक मेरिट सूची में स्थान पाया है, वहीं कुछ जिले की मेरिट लिस्ट में आए हैं। कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने शुक्रवार दोपहर प्रवीण सूचियों में आए सभी बच्चों को कलेक्ट्रेट बुलवाकर अपने हाथों से सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को आगामी समय में जीवन में काम आने वाली महत्त्वपूर्ण बातें भी बताई।

## सरदार पटेल ने दोहराया सतत सफलता का इतिहास

कक्षा दसवीं में कुल 26 बच्चों द्वारा प्रथम श्रेणी प्राप्त की गई तथा 12वीं में कुल 66 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष सुधा देवी सिंह यादव एवं स्कूल संचालक डॉक्टर कमल आलोक प्रसाद वह विद्यालय प्राचार्य लतेश प्रसाद तथा शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा सभी छात्र छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सफल विद्यार्थी के परिवार को शुभकामनाये एवं बधाई प्रेषित की।

कक्षा दसवीं की अपेक्षा शर्मा 87.6 प्रतिशत, मुस्कान यादव 86.8, तनु यादव 85, संदीप सौंधिया 84.8, कृष्ण गोविंद गौड़ 83.6, तनिषा भिलाला 83.2, निखिल शिवहरे 79.8, मुस्कान यादव पिता राजू 74.6, देवेन्द्र यादव पिता हेमराज 73.4, गिरिराज तंवर 72.2, रानू यादव 71.8, आकाश राजपूत 70.2, देवेन्द्र यादव पिता लखन 69.8, पूनम कुमावत 67.4, लव विश्वकर्मा 67, अभिषेक यादव 66.4, अमन अलोक प्रसाद -66.2, प्रशांत ओझा 65.6, अजय तंवर 65.6, विष्णु सोंधिया 65.6, अयान नागर 65.2, अरुण विश्वकर्मा 65, साधना वाल्मीकि 63.2, संदीप भिलाला 63.2, भगवान सौंधिया 63, संतोश सौंधिया 62.4 प्रतिशत रहा।

कक्षा 12वीं की तरुण साहू 88.8,. पुनित यादव 88, पृथ्वीराज शर्मा 87.8, कृष्णा यादव 87.8, दीपक यादव 86.8, प्रवीण कुमार यादव 85.4, सुहानी गोड 85.2, अली असगर सैफी 85, विधि दागी 84.4, विशेष पालीवाल 84, स्वाती यादव 83.8, सलोनी यादव 81.8, राशिका चौधरी 80.8, शिवम चौरसिया 80.4, मुकुंद अग्रवाल 79.8, नेहल सेन 79.6, अतुल कुमार जाटव 79.6, नेहल यादव 79, देवदीप शर्मा 78.21, सभ्यता शाक्यवार 78, शिवम मेहरा 78.22, खुशी मालवीय 75.2, अरुण ओझा- 74.6, लक्ष्य गुप्ता 74.4, साजिद अहमद जावेद 74.2, आस्था पालीवाल 74, तानिया अटेरिया 72.8, ब्रेटली सोनी 72.8, देवशर्मा 71.2, ओम चौधरी 71, पलक यादव 71, सार्थक तिवारी 70.8, राजदीप राजपूत 70.4, यशिका राठौर 70.4, उर्मिला तंवर 70.2, हरषिकेश शर्मा 69.2, वरुण लश्करी 69, रुद्रांश पांडे 69, राधा रमन शर्मा 68, कुलदीप जाट 68, श्रीनाथ दांगी-67.4, मीत उपाध्याय 66.8, साहिल हुसैन 66.8, रंजना यादव- 66.4, मृणाल मजूमदार - 66.4 प्रतिशत, ईश्वर पवार 66, गौरव सोलंकी-65.61, प्रवीण गोस्वामी - 65.6, रवीना दांगी - 65.6, निमेष शर्मा 65, मुस्कान यादव-64.8, अमन उपाध्याय- 64.8, मनीष नागर 64.6, सत्यम गौतम - 64.4, विशाल दांगी -63.8, रोशन कुमार जोशी -63, धर्मेंद्र कुशवाह 63, मयंक साहू 62.8, सागर सौंधिया 61.4, कृष्ण सोलंकी- 61, सौम्या बर्किया 61, मुस्कान साहू 60.8, मनीष विश्वकर्मा 60.4, वैष्णवी राजपूत - 60, मयंक शिवहरे 60, विशाल सिंह सौंधिया ने 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## ब्यावरा पब्लिक के विद्यार्थियों ने बढ़ाया गौरव




शहर की अग्रणी संस्था ब्यावरा पब्लिक के छात्रों ने 12वीं एवं दसवीं के बोर्ड परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 12वीं के विज्ञान संकाय में सम्मलित 54 विद्यार्थियों में से 45 प्रथम एवं 3 द्वितीय श्रेणी में कला संकाय में 26 विद्यार्थियों में से 17 प्रथम एवं 6 द्वितीय श्रेणी में एवं कृषि विज्ञान संकाय में 30 विद्यार्थियों में से 26 प्रथम एवं 3 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होकर संस्था को गौरवान्वित किया है। कला संकाय में तनीषा मीना ने 91.80 से प्रथम एवं रेणुका सोंधियां ने 89.80 के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं विज्ञान संकाय में गोविन्द यादव ने प्रथम स्थान 88. 40,मीनाक्षी मीना 88 प्रतिशत कि साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं कृषि संकाय में धनराज सोंधियां ने 87.60 अंकों के साथ प्रथम एवं दिलराज सोंधियो ने 86.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

## कामर्स विषय के साथ नगर में प्रथम रही अंजलि




कुरावर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर के छात्र छात्राओं का प्रदर्शन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बेहतर रहा। नगर के मध्यवर्गीय परिवार की अंजलि साहू पिता अशोक साहू ने कक्षा 12वीं कामर्स विषय के साथ 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे नगर में प्रथम रही। अंजलि के माता -पिता छोटी सी जर्नल स्टोर्स की दुकान चलाते है। बेटों की इस उपलब्धी पर पूरे साहू परिवार तथा शिक्षकों द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने पर बधाई दीं गई।

## एमटीएम के विद्यार्थियों ने भी हासिल की सफलता




नगर के एमटीएम हायर सेकेण्ड्री स्कूल के विद्यार्थियों ने भी हमेशा की तरह बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 92 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। डॉ मुकेश मारू ने इस इस सफलता का विद्यार्थियों की मेहनत बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

भारी पड़ सकती है लापरवाही, बिजली विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# सड़कों पर खुले रखे दर्जनों ट्रांसफार्मर, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शहर में दो दर्जन से अधिक बिजली के ट्रांसफार्मर सड़क किनारे खुले में रखे हैं, जिनसे हरदम हादसे की आशंका बनी रहती है। कई बार थाने के सामने रखे ट्रांसफार्मर में आग लगने से वहां हड़कंप मच जाता है। लेकिन इसके बाद भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित स्थान पर रखने की सुध नहीं ली है।

जानकारी के अनुसार बिजली विभाग हर महीने मेंटेनेंस का कार्य चलने की बात करता है, लेकिन जमीन से सिर्फ एक फुट ऊंचे खुले ट्रांसफार्मर को सुरक्षित व व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है। ओल्ड एबी रोड,पुरानी सब्जी मंडी, थाने के सामने सहित अन्य स्थानों पर ट्रांसफार्मर में ढक्कन तक नहीं है और बायर भी खुले हुए हैं। यहां बच्चों, रहवासियों, राहगीरों सहित जानवरों के करंट में झुलसने का खतरा बना हुआ है। वहीं कुछ स्थानों कुछ फुटपाथी दुकानदार ट्रांसफार्मर के पास ही अपनी अस्थाई दुकान लगा रहे हैं। जिससे दुकानदार और ग्राहकों की जान का खतरा बना रहता है।

## थोड़े ही आंधी तूफान में गुल हो जाती है बिजली

### मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति

लोगों का कहना है कि लगभग सभी जगह मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति होती है। थोड़ी ही आंधी तूफान में बिजली गुल हो जाती है। मेंटेनेंस के लिए घंटों तक बिजली बंद रखी जाती है। जब मौसम बिगड़ता है तो डालियां बिजली के तारों, केबल आदि पर गिरने सहित अन्य कारणों से बिजली गुल होती है।

### पेड़ों के सहारे बिजली की मोटी केबल

कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की काफी मोटी केबल पेड़ों के सहारे खिंची हुई है। कुछ स्थानों पर कई बड़े पेड़ तारों की ओर झुके हुए है और पेड़ों के गिरने व डालिया टूटने से तारों को क्षति पहुंच सकती है। हादसा व बिजली प्रवाह प्रभावित होने की स्थिति बनी हुई है। पूर्व में तेज हवाओं आंधी के बीच इस तरह की स्थितियां कई स्थानों पर बन भी चुकी है। कुछ दिन पहले हुई बारिश व और आंधी के चलते रात में करीब 2 घंटे लगातार बिजली गुल रही थी।

### इनका कहना है...

खुले ट्रांसफार्मरों की जानकारी मांगी गई है, जल्द ही खुले ट्रांसफार्मर को बंद किया जाएगा। रही बात बिजली की तो हवा आंधी के कारण दुर्घटना न हो इसलिए कुछ देर के लिए सप्लाई रोक दी जाती है।

मनोज इंवाती, कनिष्ट यंत्री सारंगपुर

## पंडित दिलीप भार्गव लोकसभा प्रभारी नियुक्त, दी बधाईयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष एंव प्रकोष्ठ प्रभारी जीतू जिराती की सहमति व संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ डॉ नितेश शर्मा की अनुशंसा पर पंडित दिलीप भार्गव ब्यावरा को लोकसभा राजगढ़ का लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया गया। भार्गव भाजपा के कर्मठ, ईमानदार कार्यकर्ता है, इससे पूर्व भी कई पदों पर रहते हुए पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करते आए हैं। उनकी ईमानदारी, कर्मठता ओर पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए भाजपा ने उन्हें राजगढ़ लोकसभा प्रभारी बनाया है। दिलीप भार्गव को लोकसभा प्रभारी बनाया जाने पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार, गोतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिलामहामंत्री पंडित अमित शर्मा प्रियंका मीना सहित लोकसभा के समस्त भाजपा कार्यकर्तओं ने बधाई शुभकामनाएं दी। इस दौरान भार्गव ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए मुझे जो जिम्मेदारी दी उसे मे खरा उतरने की कोशिश करूंगा।

हजारों की संख्या में सभा स्थल पर अमित शाह को सुनने पहुंचे लोग

# आशिक का जनाजा है जरा धूमधाम से निकलवाएं : शाह




हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार दोपहर 1 बजे के लगभग हेलीकॉप्टर द्वारा खिलचीपुर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी के नेतृत्व में स्टेडियम प्रांगण में सभा को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण में पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान कांग्रेस सांसद प्रत्याशी व राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने दिग्विजय सिंह को लेकर कहा कि दिग्विजय सिंह बड़े आदमी हैं, इन्हें इनकी शान के अनुसार बहुत बड़ी लीड से हराइये। आगे बोले की याद रखिएगा आशिक का जनाजा है जरा धूमधाम से निकले। राहुल गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा रामलला टेंट से निकलकर मंदिर में पधारे, कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी को निमंत्रण भिजवाया वे नहीं गए और दिग्गी भी नहीं गये वो कांग्रेस के वोट बैंक से डरते हैं।

### सभा प्रांगण में कार्यक्रम के पहले तेज हवा से उड़े तंबू

शुक्रवार सुबह से ही मौसम खराब होने के कारण तेज हवा और कहीं तेज बारिश तो कहीं बूंदाबांदी हो रही थी, जिसके चलते कार्यक्रम प्रारंभ होने के पहले ही तंबू तेज हवा के कारण उड़ गए। जिन्हें व्यवस्थापकों ने पुनः सुधार कर व्यवस्था बनाई।

### मौसम खराब होने के बावजूद शाह को सुनने लोगों की उमड़ी भीड़

सुबह से ही मौसम खराब होने के बावजूद भी भाजपा कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद रहे और बड़े जोर-शोर से व्यवस्था को बनाने में लग रहे। वहीं पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था को टाइट सिक्योरिटी कर संभाला। जिले भर की पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही।

नगरवासियों ने नपाध्यक्ष से रखी मांग

## नालियों के मच्छरों को मारने अर्से से नहीं चली फॉगिंग मशीन

**राजगढ़।** दो दिवस पूर्व 25 अप्रैल को ही जिले भर में विश्व मलेरिया दिवस पर अनेकों जागरुकता गतिधियां आयोजित कर मच्छरों से जुड़ी बीमारियों एवं निदान आदि के बारे में बताया गया है। इधर राजगढ़ शहर के विभिन्न वार्डों की नालियों में महीनों से फॉगिंग मशीन से स्प्रे का छिड़काव नहीं करवाया गया है। ऐसे में मच्छरों की समस्या से रहवासी परेशान हैं। नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू से मांग रखी है कि ज्यादा मच्छरों की समस्या वार्डों में प्रमुखता के साथ मच्छरों को मारने का स्प्रे चलवाया जाए ताकि लोग मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों से बच सके।

### इधर, मलेरिया दिवस पर हुआ संकल्प कार्यक्रम

विश्व मलेलिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया के खिलाफ लड़ाई तेज करते हुए उसके उन्मूलन के लिए सामुहिक स्वच्छता को अपनाते हुए मच्छर एवं इससे होने वाली बीमारियों को समाप्त किया जा सके। जिला मलेरिया अधिकारी डीपी पटेल ने बताया कि मलेरिया राकने के लिए पूरे सप्ताह कार्यक्रम होंगे। इस दौरान मैदानी अमले द्वारा दीवार लेखन, समूह बैठक, एसएमएस एवं विभिन्न शासकीय संस्थाओं जैसे महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, जिला पंचायत आदि के साथ संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

खोयरी रोड राजगढ़ के एसी वाले हनुमान मंदिर में हो रहा है निर्माण कार्य

## एसी वाले महाकाल मंदिर निर्माण के लिए हजारों भक्तों ने किया दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



खोयरी रोड पर एसी वाले हनुमान के नाम से प्रसिद्ध मंदिर समिति ने भगवान को एसी में रखने का जो जिम्मा उठाया था वह तो पूरा कर दिया। अब मंदिर प्रबंधन समिति एक कदम आगे बढ़ाते हुए इसी मंदिर प्रांगण में एसी वाले महाकाल मंदिर का निर्माण करा रही है। जिसके लिए भक्तों से खुले मन से दान की अपील की गई थी। समीति का कहना है कि नवरात्री से लेकर हनुमान जयंती तक हजारों भक्तों ने एसी मंदिर के निर्माण के लिए खुले मन से दान किया है और आगे भी भक्त अपना सहयोग इसी तरह बनाए रखें। उल्लेखनीय है कि समिति ने मात्र 11 रूपए की राशि दान स्वरूप भेंट करने की अपील की थी जिसको महाकाल के भक्तों ने खूब सराहा है।

खर्चीले विवाह से दूर रहकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में बेटे बेटियों के विवाह पर जोर दिया

# गुर्जर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 49 जोड़े एक दूजे के हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर



माचलपुर नगर में क्षत्रिय गुर्जर समाज का 12वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रैल को पोलखेड़ा रोड़ के पास आयोजित किया गया, जिसमें समाज के 49 जोड़े एक दूजे के हो गए। मंच पर गुर्जर समाज के इष्ट भगवान देवनारायण की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजन में समाज के अनेक वरिष्ठ समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक एकता एवं खर्चीले विवाह से दूर रहकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में अपने बेटे बेटियों के विवाह करने पर जोर दिया गया। वहीं अन्य सामाजिक कुरीतियां को छोड़ने पर अपने अपने विचार व्यक्त किए गए।

सम्मेलन में विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक रीति रिवाज के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ वर वधुओं के पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराए गए। आयोजन में राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, राजगढ़ जिला पंचायत के कृषि समिति अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर, पूर्व मंडी अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर,पूर्व मंडी अध्यक्ष हरीसिंह चाड,पूर्व मंडी उपाध्यक्ष नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पटेल बलवंतसिंह गुर्जर, गौशाला उपाध्यक्ष पटेल मदनसिंह गुर्जर, दिलीप सिंह चाड़ सहित सांसद रोडमल नागर,पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह, सम्मेलन समिति अध्यक्ष देवसिंह गुर्जर, नवयुवक समिति अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, ज्ञानसिंह अध्यापक, बालूसिंह पंचायत सचीव, सुरेंद्रसिंह चाड, लालसिंह पंचायत सचीव लाल सिंह, पोसवाल आदि द्वारा नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया गया। सम्मेलन में अन्य समाज के समाजसेवी लोगों द्वारा भी तन मन से सहयोग किया गया।

## पाटीदार समाज का 38 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन




**सारंगपुर।** पाटीदार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। पाटीदार समाज द्वारा 38 वां विवाह सम्मेलन में 15 जोड़ का अकोदिया रोड उप जैल के सामने स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसमें वर वधू का एवं समाज जन बरात का समिति द्वारा फूलो से स्वागत किया गया। सम्मेलन में मां उमिया माता की पुजा अर्चना सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष मौहनलाल रावत एंव समाज कै वरिष्ठ जन द्वारा की गई सामुहिक विवाह सम्मेलन में वैदिक पद्धति से संस्कार पंडित सुनील कुमार शर्मा द्वारा संस्कार करवाया गया समिती द्वारा वधु को मां उमिया की चुनरी उड़ाई गई तथा मंगल सूत्र आभूषण दिया गया। इस अवसर पर पाटीदार समाज सारंगपुर की मातृ शक्तियों द्वारा नाश्ता एंव भोजन की व्यवस्था में सहयोग किया गया। आयोजन के दौरान स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गौतम टैटवाल,नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलैश वर्मा सहित समाज के वरिष्ठ जन मातृशक्ति पाटीदार समाज के आसपास के सभी पाटीदार समाज जन पाटीदार समाज युवा संगठन के साथी गण के सहयोग से आयोजन सफल हुआ। समिति द्वारा समाज जन एंव सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## अरुण सक्सेना को मानद डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

वरिष्ठ समाजशास्त्री अरुण सक्सेना को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो, हिंदी पत्रकारिता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर किए गए शोध कार्यों, सामाजिक कार्यों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ उत्तरप्रदेश द्वारा भोपाल में 24 अप्रैल 2024 को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। पत्रकार अरुण सक्सेना को यह सम्मान विद्यापीठ की प्रबन्ध कार्यकारिणी की अनुशंसा पर प्रदान किया गया। गौरतलब है कि सक्सेना ने इसके पूर्व एमफिल हेतु अपने शोध प्रबंध विषय- अनुसूचित जाति कन्या शिक्षा के प्रति उनके अविभावको का दृष्टिकोण विषय पर अपना लघुशोध प्रबंध प्रस्तुत किया था, जिसे सामाजिक न्याय ओर अधिकारिता मंत्रलाय भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित किया गया था। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, देवेंद्र कुमार जैन, सेवानिवृत्त न्यायधीश मप्र शासन। अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलपति डॉ इंदुभूषण मिश्रा, मुख्य वक्ता प्रसिद्ध कथावाचक सुश्री दीपा मिश्र, विशिष्ट अतिथि डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही एवं डॉ किरण बोंगले राष्ट्रीय संयोजक सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपाधि लेने वाले 60 प्रतिभागी मौजूद रहे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण द्वारा विक्रेता सुनील देखमुख पिता स्व. विश्वासराव देशमुख निवासी ग्राम डी-301, मार्वेल बाउन्टी, केशव चौक बेकलेन ऑफ अमनोरा मॉल, मालवाड़ी पुणे शहर, पुणे (महाराष्ट्र) पिन 411028 के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा क्र. 410/2/1, रकबा 1.557 है0, 411/1/2 रकबा 2.917 है0, 411/23/1 रकबा 1.703 है0, 412/1 रकबा 0.126 है0, 416/7 रकबा 0.637 है0, 416/9 रकबा 0.523 है0, 416/43 रकबा 0.617 है0, 446/3 रकबा 0.031 है0, 455/3 रकबा 0.334 है0, 474/3 रकबा 0.345 है0, 481/3 रकबा 0.042 है0, 481/4 रकबा 0.010 है0, 481/5 रकबा 0.105 है0, 519/5 रकबा 0.000 है0, 582/2 (शा.नं. 663/2, 664/2, 666) रकबा 0.428 है0, 582/4 रकबा 0.042 है., 1102/4 रकबा 0.063 है0 1102/5 रकबा 0.146 है0 1175/1 रकबा 0.606 है0, 1180/1 रकबा 0.282 है0, 1182/5 रकबा 0.010 है0, 1183/4 रकबा 0.314 है0, 1215/4 रकबा 0.031 है0, 1216/1 रकबा 0.157 है0, 1217/2 रकबा 0.355 है0, 1217/3 रकबा 0.209 है0 इस प्रकार कुल रकबा 11.590 है0 ग्राम कालापीपल गांव तहसील कालापीपल जिला शाजापुर में स्थित है, उक्त भूमि को क्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध पत्र मेरे पक्षकारगण के पक्ष में विक्रेता द्वारा निष्पादित करा दिया गया है। जिसकी अनुबंध राशि मेरे पक्षकारगण के द्वारा उपरोक्त विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का पंजीयन कराना शेष है। अतएव सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संव्यवहार से यदि किसी बैंक, शासकीय संस्था, अशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था, किसी व्यक्ति या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे समयअवधि पश्चात् मेरे पक्षकारगण उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन अपने पक्ष में विक्रेता से करा लेवेंगें बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय-रवीश कुमार सोनी
पता-जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर सीहोर
मोबाईल नंबर 9926390600

खबर संक्षेप

## मच्छरों के पनपने से बीमार हो रहे लोग

**आष्टा।** नगर के अनेक वार्डों में गंदे पानी निकासी के लिए नालियां और नाले नहीं होने से वार्डों में घरों के आसपास खाली प्लाटों में घरों से निकलने वाला पानी जमा हो रहा है। साल भर गंदा पानी जमा रहने से छोटे-छोटे तालाब बन गए हैं। वहीं मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है। जिसके कारण लोगों को बीमारी अपने जाल में जकड़ रही है। इसके बाद भी नगर पालिका पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं कर रही है। जिससे वार्डों के लोगों में नपा के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं वार्डवासियों का कहना है कि कई बार इस समस्या से पूर्व में नपा अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। वर्तमान परिषद को जल निकासी व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। ताकि समस्या का समाधान हो सके। गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 15,16 और 18 के स्थानीय लोग घरों से निकलने वाले गंदे पानी और बारिश के पानी की निकासी के लिए नगर पालिका के अधिकारियों को लगातार नालियों और नाले का निर्माण कराने की मांग करते आ रहे हैं।

## गेहूं उपार्जन का कार्य अब सप्ताह में 7 दिवस

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी उपार्जन नीति के तहत कृषकों से गेहूं उपार्जन का कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) तक करने का प्रावधान किया गया था। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने इस आशय के निर्देश उपायुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला प्रबंधक, म.प्र. स्टेट सिविल सप्ला. कार्पो., जिला प्रबंधक, म.प्र. वे.हा. एण्ड लॉजि. कार्पो सीहोर को कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए गेहूं उपार्जन का कार्य अब सप्ताह में 7 दिवस (सोमवार से रविवार) उपार्जन अवधि तक किया जाना सुनिश्चित करें।

### लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए बुदनी में हुई बीएजी कार्यशाला

# टीम वर्क के रूप में पूरी ऊर्जा के साथ काम करें तो सफलता निश्चित है: कलेक्टर

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर ने मैदानी अमले को किया प्रेरित। बुदनी में बूथ अवेयरनेस ग्रुप कार्यशाला में 1400 से अधिक ग्रामीण अमला शामिल हुआ। मैदानी अमले के साथ जमीन पर बैठे कलेक्टर और अन्य अधिकारी, कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए बुदनी में बूथ अवेयरनेश ग्रुप की कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने उपस्थित ग्रामीण अमले को सर्वाधिक मतदान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में 1400 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की दीदियॉ, चौकीदार, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव तथा शिक्षक शामिल हुये। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा की गत विधानसभा चुनाव में आपकी उर्जा, लगन और परिश्रम के कारण ही सीहोर जिला 84.4 मतदान प्रतिशत के साथ प्रदेश के अग्रणी पांच जिलो में शामिल रहा। आपकी कार्यकुशला और प्रयासों से ही जिले का मान बढ़ा है, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने सीहोर जिले के शिक्षकों का उदाहरण देते हुए कहा कि सभी शिक्षकों ने हर स्कूल में स्मार्ट क्लास बनाने के लक्ष्य को अपने व्यक्तिगत प्रयासों से बिना किसी सराकरी मदद के जन सहयोग से जिले के स्कूलों में टेलीविजन सैट लगा कर पूरे प्रदेश में अनुकरणीय मिसाल पेश की है। श्री सिंह ने कहा कि कोई भी कार्य कठिन नहीं है, बस मन में विश्वास होना चाहिए कि हम यह कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गत विधानसभा चुनाव की तरह ही लोकसभा चुनाव मे अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए अथक प्रयास की आवश्यकता है।

### क्षमता को सिद्ध करने का मिलता है मौका

कलेक्टर सिंह ने कहा कि धारा के साथ तो सभी बहते हैं, लेकिन धारा के विपरीत चलने पर ही हमें अपनी क्षमता को सिद्ध करने का मौका मिलता है और ऐसे लोग ही दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं। सिंह ने कहा कि वर्तमान में हम सभी का लक्ष्य है कि हम सभी मिलकर लोकसभा चुनाव में सीहोर जिले को सर्वाधिक मतदान वाला जिला बनाने के लिए एक टीम के रूप में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि अपनी टीम में कोई व्यकित कमजोर पड़ रहा है तो उसे पीछे नहीं छोड़ना है बल्कि पूर्वाग्रह छोड़कर उसका हाथ पकड़कर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आपके बिना किसी काम या किसी योजना को धरातल पर कार्यान्वित करना संभव नहीं हैं। आपकी उर्जा और क्षमता को देखते हुए निश्चित ही लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, एसडीएम राधेश्याम बघेल तथा सीईओ जनपद पंचायत देवेश सराठे सहित जिला व जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मैदानी अमले के साथ जमीन पर बैठे कलेक्टर और अन्य अधिकारी

कार्यशाला स्थल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की दीदियॉं, सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी तथा शिक्षकों की संख्या हिसाब से कुर्सियॉं पर सभी का हॉल के अन्दर बैठना संभव नहीं था। सभी हॉल के अन्दर बैठकर संवाद कर सकें इसके लिए कुर्सियॉ बाहर निकलवाकर कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं सभी अधिकारी मैदानी अमले के साथ जमीन पर बैठ कर लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए संवाद किया।



### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने गत विधानसभा चुनाव में बुधनी विधानसभा के ग्राम खटपुरा, सोडानिया तथा शाहगंज में सर्वाधिक मतदान कराने वाली की टीम तथा सात बीएलओ को सम्मानित किया। इसके साथ ही कार्यशाला में छोटे बच्चों के साथ पहुंची अपने कर्तव्य के प्रति संजक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

### मतदान की दिलाई शपथ

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने कार्यशाला में उपस्थित मैदानी अमले को भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई।

# यात्रियों की परेशानी: शादी और चुनाव में यात्री बसें बुक

### यात्रियों को करना पड़ रहा घंटों इंतजार



**आष्टा।** बस स्टैंड पर पर्याप्त यात्री बसें नहीं होने से हो रही परेशानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार को शहर के बस स्टैंड पर सुबह से ही यात्रियों की भीड़ तो दिखाई दी लेकिन संचालन होने वाली बसों की संख्या कम रही। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बीते एक सप्ताह से शादी समारोह का सीजन चल रहा है। इस वजह से ज्यादातर बसें शादी समारोह में बुकिंग के चलते बस स्टैंड पर नहीं आ रही हैं। इधर, चुनाव आयोग ने कई बसों को वोटिंग के लिए लिया है। इससे भी डेली चलने वाली बसों की संख्या में कमी आई है।

### बसें इतनी भरी कि सीट भी नहीं मिल रही

भोपाल, इंदौर, शुजालपुर, सहित अन्य मार्गों से चलने वाली बसें खचाखच भरी हुई आ रही हैं। आष्टा से आने और जाने वाले यात्रियों को सीट नहीं मिल रही है। मजबूरी में यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा भोपाल-इंदौर हाईवे इसके अलावा पचोर, शुजालपुर, ब्यावरा, राजगढ़, कन्नौद, खातेगांव, हरदा, खंडवा, इछावर, कुरावर, शाजापुर,पोलाय मार्ग पर यात्री बसें कम चल रही हैं।

### निजीकरण होने से हो रही परेशानी

परेशानी को लेकर यात्री ममता बाई, सूरज सिंह, अखिलेश कुमार, महेंद्र वर्मा ने बताया कि शासन को यात्रियों की बिल्कुल फिक्र नहीं है, पहले जब भी शादी विवाह का सीजन होता था, तो शासन अतिरिक्त बसें चलाता था, लेकिन जब से सरकारी बसें खत्म हुई है और प्राइवेट बस चल रही है। प्राइवेट बस संचालकों की मनमानी दिखाई दे रही है। हमें मजबूरी में घटों खड़े होकर जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी सिद्धि गंज, कुरावर, पोलय, शाजापुर, और शुजालपुर मार्ग पर हो रही है। इन मार्गों 2 से 3 घंटे में बसें आ रही है।

### मेघावी छात्रों का किया सम्मान



**आष्टा।** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा में बोर्ड परीक्षा परिणाम में ,कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र सुमित फुलवान कक्षा 10 ने 94.02 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया ।इसी प्रकार सत्यम सेन और प्रियांशु वर्मा ने 91% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा कुमारी स्नेहा मेवाड़ा ने 88% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में कुमारी माया मेवाड़ा और कला संकाय में सुनील राय ने 89.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सुमित मेवाड़ा विज्ञान संकाय 88% अंको से द्वितीय स्थान और युवराज सोलंकी कला संकाय 86% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे । उनकी इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य सीएल पेठारी एवं समस्त स्टाफ द्वारा सम्मान करते हुए बधाई दी गई और उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# अपने बच्चों को लौकिक शिक्षा के साथ ही धार्मिक शिक्षा भी जरूर दें: मुनि सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अहिंसा परमो धर्म सनातन धर्म में भी कहा है। भूमि पूजन नहीं भूमि का शुद्धिकरण किया जाता है। जैन धर्म दया का धर्म है। शांति से बैठ कर सामायिक करें। जैन धर्म में अग्नि में आहुति के बजाय द्रव्य से भगवान की पूजा -अर्चना करने का उल्लेख है। आज लोगों की कथनी -करनी में अंतर है, इसी लिए काम नहीं हो रहें हैं।आज स्थिति यह है कि व्यक्ति को जिंदा रहते भोजन नहीं दिया और मरने पर दान व मृत्यु भोज कराते हैं।

जैन व्यक्ति त्याग करना जानता है।नकल करने वालों में अक्ल नहीं होती, अक्ल होती तो नकल नहीं करता।साधक को मंत्र का जाप करना होता है।व्रत करने से मन में एक शक्ति उत्पन्न होती है। हमारे देवता पंच परमेष्ठि है।जिस कुल में जन्मे उसको समझ कर अपने कर्तव्यों का पालन करें। धर्म क्षेत्र में रात्रि में काम नहीं किया जाता,पाप क्षेत्र में रात्रि में काम करते हैं। जिनेंद्र अभिषेक करें, यहां तो पूजन से काम हो जाता है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं।

मुनिश्री ने बताया कि धर्म करने की चीज नही, धर्म धारण करने की चीज होती है।जिसने धर्म का पल्ला पकड़ा ,उसे कभी किसी प्रकार का संकट नही आता ।धर्म धारण करने वाले व्यक्ति साहसी होते है ,भगवान महावीर का सिद्धांत अहिंसा का सिद्धांत है ,जो मुख्य रूप से जीवों को जियो ओर जीने का संदेश देता है।बहुमान समारोह ...कर्नाटक के बेलगावी जिला के गाडिकॉप से पधारे अठारह सदस्यी गुरु भक्तों का दिगम्बर जैन पंचायत समिति ने बहुमान किया। यह उल्लेखनीय है कि दक्षिण भारत के कर्नाटक एक ऐसा प्रांत है, जिसमें एक नही हजारों महान आचार्यो ने जन्म लेकर उत्तर भारत में जिन शासन की प्रभावना की है।वर्तमान में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनिश्री भूतबलि सागर जी महाराज ने भी दक्षिण भारत मे जन्म लेकर धर्म की प्रभावना की है।बहुमान समारोह में समाज के संरक्षक दिलीप सेठी,अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल, महामंत्री कैलाशचंद जैन चित्रलोक, संदीप जैन नीलबड़,नरेंद्र गंगवाल, संतोष जैन, शरद जैन,हेमन्त जैन,महेंद्र जैन जादूगर आदि उपस्थित थे। जिसमें सम्यकत्व आ गया तो उन्हें ज्ञान भी आएगा।योग, संयोग, पुण्य था इसलिए आप लोगों को धर्म लाभ मिला। अपने पुण्य को और अधिक बढ़ाए। मध्य क्षेत्र है, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर पर ही सभी साधु - संत आते हैं। गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के समाधि स्थल को व्यवस्थित बनवाएं। गौशाला का विशेष ध्यान रखें। बच्चों की लौकिक शिक्षा के साथ -साथ धार्मिक शिक्षा अर्थात पाठशाला पर भी विशेष ध्यान रखें। सामाजिक, आर्थिक उन्नति हो, सभी में एकता रहे। आष्टा तीर्थ रुप ले। धर्म और मंदिर से जुड़कर समाधि की ओर आगे बढ़ कर कल्याण करें।

उक्त बातें श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनि सागर महाराज ने कहा आप सभी आगम में जो बचा हुआ समय है, उसका सदुपयोग कर रहे हैं। शुद्धों उपयोग यही मिलेगा, स्वर्ग में गए तो आपको सदुपयोग मिलेगा।आप लोगों द्वारा अष्ट द्रव्यों से पूजा अर्चना करते हैं। धर्म आराधना करते समय कभी भी आकुलता नहीं करें। जिम्मेदारी युवाओं को सौंप कर धर्म आराधना करने से आकुलता नहीं बढ़ेगी।

### मोतियाबिंद मरीजों को ऑपरेशन के लिए भेजा

**आष्टा।** स्थानीय सिविल अस्पताल में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। सदगुरू सेवा समिति आनंदपुर ने शिविर आयोजित करवाया। इसमें 179 लोगों की आंखों की जांच की गई। जिसमें से 37 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया, जिन्हें सदगुरू सेवा समिति आनंदपुर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए पहुंचाया गया है। राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण राज्य के जिला सचिव वरिष्ठ डॉक्टर अतुल उपाध्याय ने बताया कि इस नेत्र शिविर में 28 मरीजों को चश्मे का वितरण किया गया। साथ ही 56 मरीजों को दवाईयां दी गईं। निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जी.डी. सोनी के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। मरीजों की आंखों की जांच नेत्र चिकित्सा सहायक सुरेश सेन और रविन्द्र गोस्वामी ने की। मोतियाबिंद के चिन्हित नेत्र रोगियों को सदगुरु सेवा समिति आनंदपुर के बहन से ऑपरेशन हेतु भेजा गया है।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शनिवार को शासकीय हाई स्कूल जाफराबाद में मतदाता जागरूकता अभियान की शपथ शिक्षको ग्रामीणों को दिलाई गई इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक मतदान करने को अपील की। ग्राम पंचायत जाफराबाद पहुँच कर मतदान केंद्र क्र. 252 शा. हाई स्कुल जाफराबाद का निरीक्षण किया गया मतदान केंद्र एवं शाला की व्यवस्था सराहनीय रही राजपूत द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

मतदाता जागरूकता अभियान के अवसर पर संस्था प्राचार्य सजन सिंह मालवीय, बीएलओ श्रीराम झाला, स्टाफ के सदस्य रंजीता उपाध्याय, रेखा बगवैया, चंद्रशेखर सेन, विजय सिंह जायसवाल, देवराज वर्मा, प्रहलाद सिंह मेवाडा, साधना पंवार, ललिता मालवीय, सजन सिंह मालवीय, दीपक पोलाया, अरुण मेवाडा व ग्रामीण बाबूलाल मेवाडा, चरण सिंह, धन सिंह, अनिल कुमार मेवाडा, दिलीप सिंह मेवाडा, कुमेर सिंह मेवाडा, देव सिंह, अजय मेवाडा आदि उपस्थित रहे। ग्रामीण जनों व स्टाफ के सदस्यों द्वारा राजपूत का अभिनन्दन किया गया। राजपूत द्वारा सभी को मतदान हेतु प्रेरित किया कर शत प्रतिशत मतदान व निष्पक्ष मतदान हेतु सभी ग्रामीण जनो से अपील की गई।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में स्पिक मैके कार्यक्रम का आयोजन

# ओडिसी नृत्य और नाट्यशास्त्र के छात्र-छात्राओं को सिखाए स्टेप





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

जवाहर नवोदय विद्यालय श्यामपुर सीहोर में स्पिक मैके कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर के एस बघेल ने दीप प्रजुलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके अंतर्गत विवेक कुमार वचन ने ओडिसी डांस प्रस्तुत किया। इन्होंने भारत आकर ओडीसी सीखा और स्पिक मैके संस्था के साथ इसका प्रचार प्रसार कर रहे हैं । विवेक कुमार ने डेढ़ घंटे के कार्यक्रम में वंदना के उपरांत भरत मुनि के नाट्यशास्त्र का संक्षिप्त परिचय देते हुए विभिन्न मुद्राओं में डांस प्रस्तुत किया और विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षित करने का प्रयास किया। उनकी टीम में रश्मि सारस्वत सचिव स्पिक मैके सोसाइटी मध्य प्रदेश रीजन, अरविंद एडवाइजर स्पिक मैके भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 31 वर-वधू का हुआ विवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

समीप्रस्थ ग्राम कजलास में सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन ग्राम के सरपंच बाबूलाल जाटव द्वारा ग्राम कें संत रविदास समाज धर्मषाला में 31 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। वही भंडारे का अयोजन भी किया गया। जिसमें समिति द्वारा सभी 31 वर-वधू को घर ग्रस्ति का सामान कन्यादान में दिया गया। गुरूवार को ग्राम के मुख्य मार्गो से ढोल-ढमाको, बैण्ड बाजे के साथ वर-वधु का चल समारोह निकाला गया जो विवाह स्थल पर पहुंचा जहां पर सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन हिन्दू वैदिक रीति रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। वही अतिथियों द्वारा वर-वधू को आषीर्वाद व विवाह प्रमाण पत्र सहित दहेज का सामान प्रदान किये। इस दौरान अध्यक्ष बाबूलाल जाटव सरपंच, उपाध्यक्ष रतनसिंह पोरवाल, सचिव रामसिंह बामनिया, सह.सचिव लखनसिंह बामनिया सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य व ग्रामीण उपस्थित हुए।